दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 229 मुरादाबाद, 09 December 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999/- में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार

### खूबसूरती से खिलवाड़: बेचे जा रहे थे लैकमे सहित इन नामी कंपनियों के नकली सौंदर्य प्रसाधन, पांच गिरफ्तार

आगरा में खाद्य पदार्थों, कपड़े, जूते, इंजन ऑयल और पेंट के बाद अब ब्रांडेड कंपनियों के नकली सौंदर्य प्रसाधन पकड़े गए हैं। लुहार गली और वैद्य गली में पुलिस ने छापा मारकर पांच व्यापारियों को गिरफ्तार किया। थोक व्यापारियों के पास बड़ी मात्रा में लिपस्टिक, फेस क्रीम, काजल और फाउंडेशन आदि बरामद किए हैं। सौंदर्य प्रसाधन सामग्री नकली थे, जिसे दिल्ली से सस्ते दामों पर खरीदकर यहां बेचा जा रहा था। प्रिंट रेट पर 20 फीसदी की छूट भी दे रहे थे। लुहार गली और वैद्य गली में छापा मारकर हिंदुस्तान लीवर और लैकमे के नकली उत्पाद पकड़े गए। ये सारा माल दिल्ली से आता था। थोक दुकानदारों के पास से टीम ने लाखों का सामान बरामद किया है। इंस्पेक्टर मंटोला सत्यदेव शर्मा ने बताया कि हिन्दुस्तान लीवर लिमिटेड की प्रतिनिधि ने इस संबंध में अधिकारियों से शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि उनकी कंपनी कई सौंदर्य प्रसाधन बनाती है, बाजार में नकली माल खपाया जा रहा है। उनकी कंपनी ने जांच करके नकली सामान बेचने वाले दुकानदारों को भी चिह्नित किया है। पुलिस ने वैद्य गली स्थित रामनाथ प्लाजा में एसआर फैंसी और महादेव फैंसी की दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान विभिन्न सौंदर्य प्रसाधन के 1886 नग बरामद किए गए। मौके से धीरज गुप्ता और हेमंत कुमार को पकड़ा गया। कोतवाली पुलिस ने लुहार गली में तुलसीदास के मालिक प्रियांशु गोयल, लक्ष्मी कास्मेटिक्स के मालिक मनोज गोयल व ब्यूटी कास्मेटिक्स, राम मार्केट वैद्य गली के मालिक हरिओम जैन को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की दुकानों से लैकमे कंपनी के नकली उत्पाद बरामद किए गए। आरोपियों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वे यह सामान दिल्ली से लेकर आते हैं। वे खुद नहीं बनाते हैं। पुलिस ने एक सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद पर कीमत देखी तो 285 रुपये प्रिंट थे। आरोपियों ने बताया कि ये उन्होंने 40 रुपये में खरीदा था। ग्राहक को प्रिंट रेट पर 20 प्रतिशत

## उत्तराखंड निवेशक सम्मेलन में बोले PM मोदी- मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत



पीएम ने कहा कि मैंने उत्तराखंड को जिया है उसकी भावनाओं को महसूस किया है। सामर्थ्य से भरी देवभूमि निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। बिजनेस की दुनिया के दिग्गज सभी पहलुओं का आकलन कर आगे की रणनीति बनाते हैं। आज भारत को लेकर विश्लेषण करें। भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता। आज भारतीयों को दुनिया सम्मान की दृष्टि से देख रही है। उत्तराखंड में आज से प्रधानमंत्री द्वारा दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तय समय पर देहरादून पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी का सम्मेलन स्थल पर भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन स्थल पर लगे स्टाल का निरीक्षण किया हैं। राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह( सेनि ) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने निवेशक सम्मेलन कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि देवभूमि उत्तराखंड आकर मन धन्य हो जाता है। कुछ वर्ष पहले जब बाबा केदार के दर्शन को पहुंच तो मुंह से निकला की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का है। खुशी है कि इसे चरितार्थ होते देख रहा हूं। बीते दिनों उत्तरकाशी में श्रमिकों निकालने के सफल अभियान की शुभकामनाएं दी। पीएम ने कहा कि मैंने उत्तराखंड को जिया है, उसकी भावनाओं को महसूस किया है। सामर्थ्य से भरी देवभूमि निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है। बिजनेस की दुनिया के दिग्गज सभी पहलुओं का आकलन कर आगे की रणनीति बनाते हैं। आज भारत को लेकर विश्लेषण करें। भारत आज अस्थिरता नहीं चाहता। आज भारतीयों को दुनिया सम्मान की दृष्टि से देख रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के बावजूद भारत तेजी से विकसित हो रहा है। भारत आज विश्व अलग स्थिति में दिखता है। डबल इंजन के प्रयास सभी तरफ दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के प्रयास में उत्तराखंड की राज्य सरकार तेजी से उतरती है। गांव की सड़क हो या चारधाम की, अभूतपूर्व काम चल रहा है। दिल्ली-देहरादून की दूरी ढाई घंटे में तय होगी। उन्होंने अपने संबोधन में हवाई कनेक्टिविटी का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हर क्षेत्र में नए रास्ते बन रहे हैंज् उद्योग के लिए नए अवसर बन रहे हैं। एक बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। यह एक अभूतपूर्व समय हैज् भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। पीएम ने आगे कहा, बीते दिनों उत्तरकाशी में टनल से हमारे श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालने का जो सफल अभियान चला उसके लिए मैं राज्य सरकार सेमत सभी का विशेषतौर पर अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे उत्तराखंड के लिए एक कविता याद आती है, चा बाल हो, उसे देवभूमि का आशीर्वाद दिए मैं चला जाता हूं, इस देव भूमि के ध्यान से मैं सदा धन्य हो जाता हूं, भाग्य मेरा सौभाग्य मेरा मैं तुमको शीश नवाता।卐 प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों समर्थ आपके लिए निवेश के बहुत सारे द्वार खोलने जा रही है आज भारत विकास भी और विरासत की भी मंत्र के साथ आगे बढ़ रहा हैज्उत्तराखंड उसका प्रखर उदाहरण है। आप सभी बिजनेस की दुनिया के दिग्गज हैं। एक राष्ट्र के रूप में आज हम भारत को लेकर ऐसी ही स्वॉट एनालिसिस करें तो क्या हमें चारों तरफ एक्सप्रेशन हो सेल्फ कॉन्फिडेंस इनोवेशन और अपॉर्चुनिटी ही दिखेगी। हाल में हुई विधानसभा चुनाव में भी हमने देखा है और उत्तराखंड में लोगों ने पहले करके दिखाया। जनता ने गुड गवर्नेंस के लिए वोट दिया। गवर्नेंस के ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर वोट दिया है। आपने देखा है कि कोरोना वैक्सीन हो या फिर इकोनामी भारत ने अपनी नीतियों के दम पर बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अलग ही लीग में दिखता है। इसका फायदा उत्तराखंड जैसे राज्य को भी हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि साथियों इन परिस्थितियों में उत्तराखंड इसलिए भी विशेष और स्वाभाविक हो जाता है क्योंकि यहां डबल इंजन सरकार है। उत्तराखंड में डबल प्रज्ञा चारों तरफ दिख रहा है। राज्य सरकार अपनी तरफ से जमीनी सच्चाई को समझते हुए यहां तेजी से काम कर रही है। इसके अलावा भारत सरकार की योजनाओं हमारे विजन को भी यहां की सरकार उतनी ही तेजी से जमीन पर उतारती है।आज भारत सरकार 21वीं सदी के आधुनिक कनेक्टिविटी के इंफ्रास्ट्रक्चर पर उत्तराखंड में केंद्र सरकार के इन प्रयासों के बीच राज्य सरकार भी छोटे शहरों और गांव कस्बा को जोड़ने के लिए पूरी शक्ति से कम कर रही है। आज उत्तराखंड में गांव की सड़के हो या फिर चार धाम महामार्ग इन पर तेज गति से काम चल रहा है। पीएम ने संबोधन में कहा कि इन्वेस्टर्स के लिए उत्तराखंड में बहुत सारा ऐसा पोटेंशियल है जिसे आप ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकते हैं। डबल इंजन सरकार की प्राथमिकताओं का उत्तराखंड को कैसे डबल फायदा मिल रहा है इसका एक उदाहरण देखने के लिए भारतीयों और विदेशियों दोनों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। हम पूरे देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार करें। कोशिश यह है कि भारत के नेचर और हेरिटेज दोनों से ही दुनिया को परिचित कराया जाए। इस अभियान में उत्तराखंड टूरिज्म का एक सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है। यहां नेचर कल्चर हेरिटेज सब कुछ है। यहां योग आयुर्वेद 30 एडवेंचर स्पोर्ट्स हर प्रकार की संभावनाओं को एक्सप्लोर कर रहा है और उन्हें अवसरों में बदलना कि आप जैसे प्राथमिकता जरूर होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि %मेक इन इंडिया% की तरह एक मूवमेंट चलना चाहिए %वेड इन इंडिया%, शादी हिंदुस्तान में करो। मैं तो चाहूंगा आने वाले पांच साल में अपने परिवार की एक डेस्टिनेशन शादी उत्तराखंड में करिए। अगर एक साल में 5 हजार शादियां भी यहां होने लग जाएं तो एक नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो जाएगा और दुनिया की शादियां यहां होने लग जाएंगी। उन्होंने कहा, हमारे यहां कहा जाता है कि अगर शादी होती है तो वह जोड़े ईश्वर बनाता है। मगर मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि जोड़े जब ईश्वर बना रहा है तो जोड़ा अपने जीवन की यात्रा उसे ईश्वर के चरणों में आने के बजाय विदेश में जाकर के क्यों करता है।

## अयोध्या में राम मंदिर तोड़कर नहीं बनाई गई थी बाबरी मस्जिद, सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हुआ साफ




जमीयत उलमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जो भी मस्जिद किसी मंदिर को तोड़कर बनाई जाएगी इस्लाम में वो मस्जिद नहीं होगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से लड़कियों की शिक्षा के लिए अलग स्कूल बनाने की अपील की। जमीयत उलमा-ए-हिन्द के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी मस्जिद की जगह राम मंदिर बनाने का फैसला आस्था की बुनियाद पर सुनाया था। कोर्ट के फैसले से ये साफ हो चुका है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद रामजन्मभूमि मंदिर को तोड़कर नहीं बनाई गई थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि जो भी मस्जिद किसी मंदिर को तोड़कर बनाई जाएगी इस्लाम में वो मस्जिद नहीं होगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से लड़कियों की शिक्षा के लिए अलग स्कूल बनाने की अपील करते हुए कहा कि लड़कियों को धर्मांतरण का शिकार बना कर बर्बाद किया जा रहा है। वो जमीयत उलमा-ए-हिन्द के सम्मेलन के बाद मीडिया से मुखातिब थे। सुन्नी इंटर कालेज में प्रदेश के 37 जिलों के कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में कहा कि जो लोग भी सत्ता हासिल करने के लिए नफरत का माहौल बना रहे हैं, हम उनका विरोध करते हैं। कहा कि जमीयत उलमा हिंद राजनीतिक संगठन नहीं है। न तो हम चुनाव लड़ते हैं और न ही चुनाव लड़वाते हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष मौलाना सैयद अशहद रशीदी ने और संचालन मुफ्ती अशफाक आजमी ने की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौलाना सैयद असजद मदनी, हाफिज अब्दुल कुददूस ने भी अपने विचार रखे। मौलाना हबीबुल्लाह मदनी ने समाज सुधार कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की।

## 2 मिनट के सुख वाली यौन इच्छाओं को काबू करें लड़कियां, कलकत्ता हाई कोर्ट की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई आपत्ति

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले की कड़ी आलोचना की जिसमें युवा लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की सलाह दी गई थी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि ये टिप्पणियां पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन हैं। शीर्ष अदालत ने सहायता के लिए नई टीम का गठन किया।किशोरियों की यौन इच्छाओं पर कलकत्ता हाई कोर्ट की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया फैसला- सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार और बंगाल की अन्य पार्टियों को भेजा नोटिस सुप्रीम कोर्ट ने



शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें युवा लड़कियों को यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखने की सलाह दी गई थी। साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार और अन्य को इस मामले में नोटिस भी जारी किया है।यौन इच्छाओं पर दिया था तर्क-सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के कुछ हिस्से, जिसमें कहा गया था कि किशोरियों को दो मिनट के आनंद के बजाय अपनी यौन इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए, वह काफी आपत्तिजनक और पूरी तरह से अनुचित है।卐 मामले की जांच के लिए न्यायधीश की नियुक्ति - सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि शुरुआती जांच से लग रहा है कि न्यायाधीशों से अपने व्यक्तिगत विचार व्यक्त करने या उपदेश देने की अपेक्षा नहीं की जाती है। शीर्ष अदालत ने अदालत की सहायता के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता माधवी दीवान को न्याय मित्र नियुक्त किया और अधिवक्ता लिज मैथ्यू को न्याय मित्र की सहायता के लिए नियुक्त किया है। %दो मिनट के सुख के लिए% सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि ये टिप्पणियां पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत किशोरों के अधिकारों का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर स्वतः संज्ञान लिया। दरअसल, हाई कोर्ट ने टिप्पणी में कहा था, 卐प्रत्येक महिला किशोरी को यौन इच्छा पर नियंत्रण रखना चाहिए, क्योंकि बमुश्किल दो मिनट के यौन सुख का आनंद लेने के कारण वह समाज की नजरों में हार जाएंगी।卐 राज्य सरकार को जारी हुआ नोटिस- साथ ही, कोर्ट ने राज्य सरकार और राज्य की अन्य पार्टियों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को यह बताने को कहा कि क्या फैसले के खिलाफ अपील दायर की जाएगी।

## यह मोदी की गारंटी है कांग्रेस सांसद के घर मिला 150 करोड़ रुपये कैश, पीएम ने यूं कसा तंज

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के कई ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने छापेमारी की है। ये छापेमारी अलग-अलग राज्यों हुई है। छापेमारी के दौरन आयकर विभाग की टीम को करोड़ों रुपये कैश मिला है। छापेमारी को लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने एक पोस्ट भी लिखी है। विभाग को छापेमारी में करीब 150 करोड़ रुपये कैश मिला है। आयकर विभाग ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छापा मारा है। आयकर विभाग को छापेमारी में करोड़ों रुपये कैश बरामद हुआ है। पीएम मोदी ने छापेमारी के बाद कांग्रेस सांसद पर तंज कसा है।झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू इन दिनों चर्चा में हैं। दरअसल, आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद के ठिकानों पर छापमारी की है। छापेमारी के दौरान एजेंसी को इतना कैश मिला है कि उससे गिनने में दो से तीन दिन लग गए। कांग्रेस सांसद से मिले कैश के बाद विरोधी दलों के नेता उन पर निशाना साधने से नहीं चूक रहे हैं। उधर, पीएम मोदी ने भी इस छापेमारी को लेकर कांग्रेस पर तंज कसा है।पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट कर धीरज साहू पर टिप्पणी की है। अपनी पोस्ट में उन्होंने स्माइली इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। पीएम ने कहा कि जनता से जो भी लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम ने अपनी पोस्ट में क्या लिखा?- पीएम ने अपनी पोस्ट में लिखा है, %देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के %भाषणों% को सुनें। जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।% पीएम ने ये भी लिखा कि नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के %भाषणों% को सुनें।कहां हुई छापेमारी? बता दें कि धीरज साहू शराब कारोबारी भी हैं। आयकर की टीम ने साहू से जुड़े तीन राज्यों के आधा दर्जन ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में ओडिशा के बौध, बलांगीर, रायगढ़ा व संबलपुर के अलावा झारखंड के रांची व लोहरदगा व पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित ठिकाने शामिल हैं।

## संपादकीय Editorial

# Sunrise of new Kashmir

When Jammu and Kashmir is mentioned, Nehru and Shyama Prasad Mukherjee will also be remembered. The country's first Prime Minister Jawahar Lal Nehru had made two 'fatal mistakes' (blunders) in the context of Kashmir. Just a few months after India's independence, tribals (masked army of Pakistan) attacked Kashmir. The war was still going on and our forces were winning. India was about to capture the entire Kashmir when Prime Minister Nehru announced a ceasefire. As a result, a part of Kashmir remained under the control of Pakistan. It calls it 'Azad Kashmir', but India considers that PoK as its part. Proposals to this effect have been passed in Parliament. The second grave mistake was that Nehru took the issue of Kashmir to the United Nations, hence even today many countries call it an 'international issue'. Apart from this, the dimension of Kashmir was that before becoming the founder of 'Jana Sangh', Dr. Shyama Prasad Mukherjee was the Industry-Commerce Minister in the first cabinet of the country. On the issue of Kashmir, he had started a movement that there should be a system of 'one constitution, one symbol, one head' in Kashmir also. At that time Sheikh Abdullah was the Prime Minister of Kashmir and the constitution and flag of Kashmir were also different from that of India. The provisions of Article 370 were abolished by Prime Minister Modi through Parliament on August 5, 2019. Today Kashmir is also completely 'Indian'. The Jammu and Kashmir Reorganization (Amendment) and Jammu and Kashmir Reservation (Amendment) Bills were passed in the Lok Sabha by voice vote. The opposition walked out. After these bills, there will be a 'new sunrise' in Jammu and Kashmir.

It is clear that the process of restoring the statehood of Kashmir by ending the status of a Union Territory has started, because the delimitation has been approved under the reorganisation. Now the provision of increasing seats in Jammu from 37 to 43 and in the Valley to 47 seats instead of 46 has been passed in the Parliament. The Lieutenant Governor will be able to nominate two persons from the Kashmir migrant community (including a woman) and one representative of the displaced persons to the Assembly. Earlier the reservation system in Jammu and Kashmir was very weak. Now reservations for Scheduled Castes, Tribes etc. have been fixed in jobs, educational and professional institutions. In the context of Kashmir, displacement of Pandits, migration and terrorism, separatism cannot be forgotten. Home Minister Amit Shah has considered Article 370 to be the basic reason for terror and separatism. About 45,000 Kashmiris died due to Article 370. However, now the Home Minister claims that terrorism has ended 70 percent. Its ecosystem is being attacked. Terrorist funding is being controlled. Today, there is neither strike nor stone pelting in the valley on the call of separatists. Not even a single stone was moved after Article 370 was abolished. Now security reviews are conducted every three months. Now 4 new theaters have opened in Kashmir Valley. Films have started being made in Kashmir. More than 2 crore tourists visited Kashmir during 2022-23. The Home Minister's claim should be factual, because he has given this information inside the Parliament, but how can it be forgotten that 46,631 families of Kashmiri Pandits and 1,57,967 people had to be displaced in their own country. However, sunrise has started in Kashmir. Trade and exports are flourishing. The busyness of hunters has increased in Dal Lake. If POK is ours, then the efforts to achieve it should also be clear.

# Environment: Tunnels are not anti-development, 'inside' routes are better than roads

After the Silkyara accident, efforts are being made to make Uttarakhand infamous for disasters, whereas tunnels have not only been important for humans, but are also better than roads from the environmental point of view. If environmentalists want to understand the Himalayas, they will have to leave their camps and come down to the ground. Uttarakhand has become infamous for disasters and accidents. After Kedarnath and Joshimath, Silkyara tunnel once again attracted the attention of the whole world. On top of that, there is also a long line of experts and environmentalists who keep their fingers crossed when such incidents happen. The Silkyara tunnel started a big debate in the country and the world. The trapping of 41 laborers in that tunnel was a matter of such pain that it shocked the country. His safe return was a great relief for the country. After this, the discussion on tunnels has gained momentum. In such disasters, many new and old contexts are created, due to which we deviate from the basic points of the incident. It is not just a matter of taking lessons. There seems to be a tendency to impose half-baked ideas without going into scientific analysis of the incident. If we examine our own history regarding tunnels, perhaps there will be no need to speak unnecessarily. The history of the human race bears witness to the fact that caves became our first stage of habitation and if the cave was crossed, it would take the form of a tunnel. If we go back to our old civilization, tunnels had great importance since the time of kings. Not only in our own country, but all over the world, tunnels were used for everything from war to security. Now look at the war between Hamas and Israel, how Hamas has established a big rule in the tunnels. In fact, since the 18th century, tunnels have been used as a major means of transportation in the world. Especially in Scandinavia or western countries, a network of roads was laid through tunnels. Tunnels are considered safer there and this is also true. Look in your own country. The tunnel built in the Daat Kali temple situated on the Dehradun-Delhi route is the gift of the British. Whether its exact location is known or not, but it was built around 1800-1900, which is completely safe till date and along with it, two more tunnels were made in the same mountain, which is necessary to get rid of the traffic. Were. While discussing the disadvantages of tunnels in unpaved mountains, it should also be taken into consideration that the Daat Kali tunnel is built in the Shivalik mountain range, which is the newest mountain of the Himalayas. Meaning, better quality construction work has been done in these tunnels. Not only this, the biggest example is the tunnel leading to Kedarnath near Rudraprayag in Uttarakhand itself, whose ecology is like Silkyara. In fact, if seen from the environmental point of view, tunnels are better than roads because one kilometer of tunnel saves the ecology from the damage of several kilometers of forest and road. Then the forests above the tunnel also remain safe and do not have much adverse effect on them. The unfortunate thing is that when experts and environmentalists talk about saving nature by living in safe urban places and equipping themselves with all the facilities, then it is not about consumption. The phenomenon of silkworm is the result of inherent defects in the manufacturing process. While moving forward in the tunnel, the rear part should have been secured, which was a big mistake. Also, to avoid such incidents, there should have been a parallel security arrangement in the tunnels, which should have been a part of the responsibility of the construction company. By not talking about these issues, we do not touch that aspect which would have been a lesson learned from the incident. The team of experts made a big revelation about the Silkyara tunnel that it was a watershed area. Now experts probably do not know that the entire mountain itself is a watershed area, which directs the rain water to the rivers. On the other hand, experts also missed the fact that all the forests above the Silkyara Tunnel are pine forests and the major drawback of these forests is considered to be that they do not absorb rain water, that is why pine trees have to face opposition. Does matter. It is noteworthy that wherever there are forests, their roots penetrate the rocks and create soil for themselves. Under the forests, their roots convert rocks into soil, that is why those forests survive. Even in Silkyara, the forests had penetrated the rocks and formed soil and this soil fell inside the tunnel due to lack of concrete work in the roof. Actually, the construction style and technology is more important in the tunnel, because the strength like rocks inside the tunnel is So that the tunnel remains completely safe. The Himalayan region is full of experts, yet it is facing the most disasters and the reason for this is probably that we remain confused. We try to show our expertise or concern for the environment by repeating the same aspects over and over in such incidents. Such experts and environmentalists should leave everything and live in the mountains and forests and give edge to the movements. Because amidst pomp, facilities, mobiles and motors, movements neither flourish nor are grassroots. For better understanding one has to stand on equal footing with the underprivileged who want their share in the so-called development. Let us not be like those Western environmentalists, who insist on sacrificing the development of others for their own development.Environment of developed countries This is the style of military leaders that after enjoying their share of happiness, they give environmental education to the developing countries and are also found saying that we have made a mistake, but you should not repeat it. Therefore, now more questions should be raised about how we should maintain coordination between development and ecology. There is a lack of unanimity in the Himalayas. We are divided into two groups. One section is against and the other is in favor. It is unfortunate that we hesitate to move towards alternatives because we have to keep our respective camps alive.

# Politics: How justified is the North-South war? There is a need to stop divisive politics.

While creating a narrative for its political gains, the Congress associated with the freedom movement should take care that it does not divide the nation's psyche. First of all, after the defeat by the BJP, the Congress and the opposition should analyze where it made a strategic mistake. But this does not seem to be happening. However, after every defeat, the opposition creates a new narrative in its own way. After winning only Telangana in the assembly elections of five states, Congress is once again creating a new narrative. She is trying to establish the narrative that the thinking of the people of the area north of the Vindhya Mountains revolves around communalism and casteism, whereas the people of the south are more politically conscious, progressive and mature. She is trying to show that Rahul Gandhi's thinking is ahead of time. Since the thinking of the people of South is more mature, they are trusting Rahul's words. The victory of first Karnataka and then Telangana is a reflection of this. The war between North and South under the pretext of narrative has a long history. It has been said that the people north of the Vindhyas are the children of Aryans who came from foreign lands, while the people south of the Vindhyas are basically the people of India. However, people like Dayanand Saraswati continued to oppose it. Be it today's politician Subramanian Swamy or anthropologist, everyone believes that whether the people of the North or the South, they are basically the same. Shankaracharya tried to stop this divisive thinking by establishing benches in East, West, North and South. When elections were held in the states in 1937 under the Government of India Act, the anti-Hindi protest that started under the leadership of Periyar was also an extension of the war between North versus South. Even when Chakraborty Rajagopalachari could not become President, the ideological war of North versus South was fueled. Despite the approval of the Constituent Assembly, if Hindi could not practically become the official language of the country, then the thinking behind it was North versus South. This war has been going on even on the scale of poverty and migration of the northern states and economic upliftment of the South. Anyway, there is a long standing tradition of dividing the country and making people of a particular region a laughing stock. But at the level of thinking, the current effort to divide the states into North and South is different from other efforts. Congress, which emerged from the womb of the freedom movement, may have sometimes fanned such politics due to internal politics, but it never openly fanned such divisive thinking. The culture and political tradition of Congress has been to unite India, not to break it. In his last article, socialist leader Madhu Limaye, who was an opponent of Congressism, had described Congress as a symbol of the unity of the country. But it seems that today's Congress leaders and their advisors are not aware of this nature of Congress. Even if we accept for once that the narrative of the Congress is correct, that the people of the South are politically mature compared to the people of the North, then we will also have to accept that the Emergency was justified, because in the general elections held thereafter, the Congress got 154 Lok Sabha seats. Seats were found, out of which 89 seats were found in South India only. In the North, it had won only Chhindwara seat in Madhya Pradesh. Certainly even Congress will not accept this. Then why is she spreading such a narrative about North vs South? Congress has been missing in Tamil Nadu since the 1971 assembly elections. If it ever appears, it will be with the support of DMK or AIADMK. Congress is two elections away from power in Kerala and Andhra Pradesh, so can it be assumed that the people of these states are small minded. The culture and political tradition of Congress has been to unite India, not to break it. In his last article, socialist leader Madhu Limaye, who was an opponent of Congressism, had described Congress as a symbol of the unity of the country. But it seems that today's Congress leaders and their advisors are not aware of this nature of Congress. Even if we accept for once that the narrative of the Congress is correct, that the people of the South are politically mature compared to the people of the North, then we will also have to accept that the Emergency was justified, because in the general elections held thereafter, the Congress got 154 Lok Sabha seats. Seats were found, out of which 89 seats were found in South India only. In the North, it had won only Chhindwara seat in Madhya Pradesh. Certainly even Congress will not accept this. Then why is she spreading such a narrative about North vs South? Congress has been missing in Tamil Nadu since the 1971 assembly elections. If it ever appears, it will be with the support of DMK or AIADMK. Congress is two elections away from powegains, but in this process it has to ensure that it does not divide the psyche of the country. Political parties should stop the thinking of division, because the entire country will have to suffer the consequences of this. Congress associated with the freedom movement should avoid this.

## मुरादाबाद में प्रदर्शन कर किसानों डीपीए खाद की समस्या के संबंध में ज्ञापन दिया

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ



मुरादाबाद-जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी संयुक्त नेतृत्व में माननीय अजय राय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर कलेक्ट्रेट मुरादाबाद में प्रदर्शन कर किसानों डीपीए खाद की समस्या के संबंध में ज्ञापन दिया, श्री असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष ने कहां कि उत्तर प्रदेश के अन्नदाता किसान भाइयों को डीपीए खाद की बहुत किल्लत का सामना करना पड़ रहा है डीपीए खाद सप्लाई अन्नदाता किसानों को नहीं प्राप्त हो रही है एक षड्यंत्र के तहत किसानों को लूटने के लिए डीपीए खाद के दामों में वृद्धि की गई और खाद की कृत्रिम कमी पैदा करके किसानों को डीपीए खाद महंगा खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। डीपीए खाद की कमी और मूल्य वृद्धि के कारण दिसंबर में की जाने वाली फसलें खेती सब्जी आदि के किसानों को बहुत परेशानी हो रही है और कृषि का कार्य रुका हुआ है जिससे गेहूं आदि की फसल बोने का समय दिसंबर माह निकल रहा है। मांग की जाती है कि डीपीए खाद में की गई

मूल्य वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए और खाद की कमी को दूर किया जाए जिससे किसान भाई समय पर अपनी फसलों की पैदावार कर सकें । प्रदर्शन में मुख्य रूप से असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष अनुभव मल्होत्रा महानगर अध्यक्ष अनूप दूबे श्याम सरन एडवोकेट अमीरुल हसन जाफरी अफजल साबरी भयंकर सिंह बौद्ध राजेंद्र वाल्मीकि दाऊद खान हाजी अकरम मोहम्मद जुनेद पार्षद नदीम अंसारी पार्षद कामिल मंसूरी मोहम्मद नाजिम शिवराज सिंह गुर्जर शहजाद खा बाबर सैफी मंगल सेन डॉ नरेश बब्बन अब्बासी बन्ने पहलवान अनुराग शर्मा आदि जिला कांग्रेस कमेटी महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरथला में लोग खुद तोड़ रहे अतिक्रमण, टीम की सख्ती से हैं सहमे



मुरादाबाद - हरथला में चल रहे अतिक्रमण हटाने के अभियान में सख्ती देख कर मुख्य सड़क पर चिह्नित अतिक्रमण के निशान को देखकर व्यापारी और भवन स्वामी अवैध निर्माण तोड़ने में जुटे हैं। लोकनिर्माण विभाग की ओर से अतिक्रमण हटाने का अभियान बुधवार से शुरू हुआ। पूर्व में चले अभियान के बाद मिली मोहलत में कई दुकानदारों ने लाल निशान देखकर अतिक्रमण हटवाया था। लेकिन अधिकांश चुप बैठे रहे।

इसको देखते हुए बुधवार से लोकनिर्माण विभाग की टीम ने अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में जेसीबी मशीन से चिह्नित अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया। जिस पर कई व्यापारियों ने भेदभाव करने का आरोप लगाया। लेकिन टीम ने किसी की न सुनते हुए अतिक्रमण हटाना जारी रखा। शुक्रवार को भी व्यापारी और भवन स्वामी टीम के आने से पहले ही स्वयं और मजदूर लगाकर अतिक्रमण तोड़ने में जुट गए।

## परिवर्तन दी चेंज संस्था की महिला कार्यकर्ता को जलशक्ति मंत्री, उ. प्र. सरकार द्वारा दिया गया सम्मान गंगा सम्मान




क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद - लखनऊ में स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गंगा की अविरलता, निर्मलता, संरक्षण एवं स्वच्छ्ता में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रत्येक जिले से चिन्हित अफसर या सामाजिक एक-एक महिला को गंगा सम्मान से जल शक्ति मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार माननीय स्वतंत्र देव सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें अलग-अलग 75 जिलों से महिलाओ को चिन्हित किया गया था इसी क्रम में मुरादाबाद से रामगंगा नदी पर उत्कृष्ट कार्य के लिए परिवर्तन दी चेंज संस्था में परियोजना सहप्रभारी नेहा शर्मा जी को चुना गया और आज लखनऊ में जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह जी द्वारा प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया

व साथ ही संस्था के सभी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की व ऐसे ही जल संरक्षण पर कार्य के लिए बधाई दी। इस गंगा सम्मान को प्राप्त करने के लिए संस्था अध्यक्ष कपिल कुमार जी भी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में 20वें स्थान पर जिला

मुरादाबाद - मासिक लक्ष्य 1614 के सापेक्ष 1116 आवेदन, कई ब्लॉकों का आंकड़ा शून्य, मूंढापांडे में शून्य, भगतपुर टांडा में पांच प्रतिशत उपलब्धि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में मंडल मुख्यालय की प्रगति पिछड़ना चिंता बनी है। प्रदेश की रैंक में मुरादाबाद जिले को 20वां स्थान मिला है। पहले नंबर पर बहराइच और दूसरे पर कौशांबी जिला है। मुरादाबाद से बेहतर स्थिति मंडल के रामपुर और संभल जिले की है, जो 17वें और 18वें स्थान पर हैं। स्वास्थ्य योजनाओं को बेहतर कर आयुष्मान भवः की संकल्पना जिले में पूरी तरह साकार नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में जिले के कई ब्लॉकों में निराशाजनक स्थिति के चलते प्रदेश में जिला 20वें स्थान पर है। प्रधान मंत्री मातृत्व वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) का उद्देश्य प्रसव के दौरान और बाद में महिलाओं को उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करना है। योजना में डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी महिला के खाते में पहली संतान के जन्म पर तीन किस्त में 5000 रुपये का भुगतान मिलता था। अब दो किस्त में भुगतान मिल रहा है। दूसरी संतान बालिका के जन्म पर एकमुश्त 6000 रुपये का लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए जन्म के 270 दिन के भीतर पंजीकरण कराना जरूरी है।



**मुरादाबाद जिले में ब्लॉकवार प्रगति**

| ब्लाक | लक्ष्य | मासिक लक्ष्य | उपलब्धि प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भगतपुर टांडा | 1253 | 136 | 5 प्रतिशत |
| डिलारी | 1681 | 140 | 18 |
| बिलारी | 1738 | 145 | 10 |
| छजलैट | 1780 | 148 | 8 |
| कुंदरकी | 2318 | 193 | 10 |
| ताजपुर | 1175 | 98 | 1 |
| मुरादाबाद नगर | 5873 | 489 | 8 |
| ठाकुरद्वारा | 1572 | 131 | 4 |
| मूंढापांडे | 1580 | 132 | 0 |
| कुल | 19370 | 1614 | 8 प्रतिशत |

**योजना में मंडल के जिलों की स्थिति**

| जिला | लक्ष्य | लाभार्थियों की संख्या | उपलब्धि प्रतिशत | बाकी लक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 19370 | 2101 | 10.85 | 7269 |
| संभल | 10876 | 1251 | 11.50 | 9625 |
| बिजनौर | 22815 | 2419 | 10.60 | 20396 |
| अमरोहा | 11401 | 443 | 3.89 | 10958 |
| रामपुर | 14471 | 1853 | 12.80 | 12618 |

योजना में ब्लॉकों की प्रगति बेहतर न होने से जिले की प्रगति पिछड़ी है। इससे लक्ष्य पूरा होने में संशय है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक व योजना के प्रभारी रघुवीर सिंह का कहना है कि योजना में जिले का प्रदेश में 20वां स्थान है। इसे और बेहतर करने का प्रयास है।

## लोकसभा चुनाव से पहले अस्तित्व में आएगा विश्वविद्यालय, विद्यार्थियों में खुशी

मुरादाबाद - लोकसभा चुनाव से पहले महानगर में बनने वाले विवि के अस्तित्व में आने के कयास लगाए जा रहे हैं। इसके लिए शासन की ओर से जनवरी में कुलपति और कुलसचिव समेत अन्य स्टॉफ नियुक्त किए जाने की तैयारी है। इस खबर से विद्यार्थियों में खुशी देखने को मिल रही है। विश्वविद्यालय मिलने से जनपद के विद्यार्थियों को अब छोटी-छोटी त्रुटियों के लिए बरेली (रुहेलखंड विश्वविद्यालय) के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुरादाबाद में विश्वविद्यालय खुलने की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विवि की घोषणा करके विराम लगाया। साथ ही विवि के लिए 50 करोड़ रुपये का वजट भी जारी कर दिया। लोकसभा चुनाव से पहले ही विवि के अस्तित्व में आने के कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार विवि से बिजनौर के 115, मुरादाबाद के




79, संभल केइ 44 और रामपुर के 37 डिग्री कॉलेज संबद्ध रहेंगे।केजीके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील चौधरी ने बताया कि मुरादाबाद में विवि कॉलेज की स्थापना होने से एकतरफ जहां विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। साथ ही बहुत से लोगों को रोजगार भी मिलेगा। विद्यार्थियों को अब बरेली के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। साथ ही दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। साथ ही उनके अभिभावकों को बहुत सी परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। जानकारी के अनुसार जनवरी में कुलपति और कुलसचिव समेत अन्य स्टाफ नियुक्त किए जाने की तैयारी चल रही है। विवि खुलने की खबर से काफी खुशी हुई थी। अब जल्द इसका निर्माण भी शुरू होने की उम्मीद है। जिससे काफी खुश हूं। अब हमें छोटे-छोट काम के लिए बरेली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। -नीतीश तिवारी, छात्र

मंडल में विवि की स्थापना होने से सभी विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। छोटी-छोटी त्रुटियां सही कराने के लिए बरेली के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। साथ ही रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। -श्रद्धा पाराशरी, छात्रा

विवि खुलने से छात्राओं को बहुत से लाभ होंगे। रिजल्ट व डिग्री से संबंधित कार्यों के लिए बरेली के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिसमें समय और धन दोनों की बर्बादी होती है, जिससे छुटकारा मिलेगा।-रिया गुप्ता, छात्रा

छात्रों के साथ महानगर की तरक्की के लिए विवि बहुत जरूरी था। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही अभिभावकों की जेब पर पड़ने वाले आर्थिक भार से राहत मिलेगी। -कुशल शर्मा, वरिष्ठ छात्र नेता

## आजमीनों को लगवाना होगा कोरोना से बचाव का टीका

मुरादाबाद - हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। लोगों के पास 20 दिसंबर तक आवेदन करने का मौका है। हज यात्रा पर जाने की तिथि से एक माह पहले आजमीनों को कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार के अनुसार, हज यात्रा के लिए चार दिसंबर से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। आवेदनकर्ताओं को रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा। आदेक को हज यात्रा की तिथि से एक माह पहले मान्यता प्राप्त कोविडरोधी वैक्सीन की डोज लगवानी होगी। आवेदन करने की तिथि से लेकर पासपोर्ट वैद्यता की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 तक मानी जाएगी। हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई की वेबासाइट www.hajcommittee.gov.in पर आवेदन किया जाएगा। आवेदक को अपने मोबाइल पर हज सुविधा 卐 एप डाउनलोड करना होगा। जनपद मुराबादा के हज आवेदक हज यात्रा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए सीयूजी नंबर 7310103531 पर कॉल कर सकते हैं। एक परिवार के अधिकतम चार व एक व्यक्ति और दो बच्चों का आवेदन किया जा सकता है। आवेदक की उम्र की कोई सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

## अभिलेखों में खामियां देख एसएसपी ने लगाई फटकार


मुरादाबाद - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने गुरुवार को गलशहीद थाने का औचक निरीक्षक किया। अभिलेखों में कमियां देख संबंधित पुलिसकर्मी को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में खलबली मची रही। एसएसपी ने सबसे पहले महिला हेल्प डेस्क, मैस, मालखाना, बैरक का निरीक्षण किया। मालखाने के रजिस्टर के साथ ही कई अभिलेख अधूरे मिले। जिस पर एसएसपी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई। थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी को भी चेतावनी दी। सीसीटीवी कंट्रोल एंड



कमांड रूम के निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी मुख्य मार्गों के साथ कुछ मोहल्लों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर काम बाकी है उसे जल्द पूरा करा लिया जाएगा। एसएसपी ने थाना परिसर में रिकार्ड रूम के साथ अन्य स्थानों पर बेहतर साफ-सफाई के निर्देश देने के साथ ही लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की कटीं दोनों टांगे, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

मुरादाबाद - रेलवे स्टेशन मुरादाबाद यार्ड के पास शुक्रवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की दोनों टांगे कट गईं। जिससे वह तड़पने लगा। आरपीएफ की टीम ने उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पेपटपुरा कटघर क्षेत्र में ओमकार (27) का परिवार रहता है। वह रेलवे ट्रैक पर काम करता है। शुक्रवार सुबह वह घर से काम के लिए निकला था। काम के दौरान दोपहर वह



ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घुटनों के पास दोनों टांगे कट गईं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम ने उसे अस्पताल में पहुंचाया। आरपीएफ के हेड कांस्टेबल सुंदर लाल मीणा ने उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।




## बहराइच जिले के धनौली गुरुद्वारा से भव्य नगर कीर्तन शोभायात्रा निकल गई

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह

बहराइच जिले के धनौली में गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व के अवसर पर शुक्रवार को क्षेत्र में भव्य कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान गतका ग्रुप के युद्ध कौशल और स्केटर्स ग्रुप के करतब आकर्षण का केंद्र रहे।जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया। गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा धनौली से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई।

कीर्तन यात्रा से धनौली, गौरा ,निहाल पुरवा, मटेरा बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंचकर समाप्त हुई। गुरू ग्रंथ साहिब की अगुवाई में पंज प्यारे के साथ तमाम सिख श्रद्धालु प्रेम और शांति का संदेश देते हुए यात्रा में शामिल



हुए। छोटे-छोटे बच्चों की ओर से भी लोगों को शांति और प्रेम का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान में गतका ग्रुप की ओर से युद्ध कौशल दिखाया गया। कीर्तन यात्रा में मटेरा, बहराइच, डिहवा, गौरा, धनौली, हीरासिंहपुरवा, रघुनाथपुर, निहालपुरवा, पयागपुर, रूपईडिहा, और नेपाल , आदि के सिख समाज के लोग शामिल हुए। गुरुद्वारा के प्रबंधक चरनजीत सिंह ने बताया कि गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनौली कीर्तन शोभायात्रा में मटेरा पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के अध्ययनरत 80 बच्चों को मोनो युक्त स्वेटर वितरित

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह के छात्र-छात्राओं को इस भीषण ठंड से बचाने की खातिर संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी की मांग पर बिश्रामपुर के समाज सेवी श्री गुरमीत सिंह बग्गा के द्वारा अध्यनरत 80 छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल की मोनो लगी नीली स्वेटर व्यवस्था की गई। इन स्वेटरों को संस्था की एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती एनवति राजवाड़े, रामनगर शैक्षिक समन्वयक विजेंद्रलाल जायसवाल, डबरीपारा रामनगर के शिक्षक मोहम्मद मुश्ताक अली व राजवाड़े जी की गरिमामयी उपस्थिति में वितरित किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा हमारे संवाददाता से चर्चा में बताया गया कि संस्था में अध्यनरत बच्चों को अशासकीय प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर वर्ष 2015 से ही समाज सेवियों के जन सहयोग के माध्यम से प्राप्त स्वेटर और टोपी को वितरित करने का कार्य किया जाता रहा है। इस वर्ष यह पहला अवसर है जब संस्था में अध्ययन पत्र छात्र-छात्राओं को संस्था की मोनो युक्त स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। संस्था की प्रधानमंत्री सुश्री अंजू राजवाड़े द्वारा मोनो युक्त स्वेटर प्राप्त होने से प्रसन्नता जाहिर कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हमारे संवाददाता से बताया कि प्राइवेट स्कूल की तर्ज पर विद्यालय की मोनो युक्त स्वेटर मिलने से हमें भी प्राइवेट स्कूल मॉडल स्कूल में अध्ययन-अध्यापन का एहसास मिला है। यह स्वेटर हमें ना केवल ठंड से बचाएंगे अपितु हमारे अंदर के प्राइवेट स्कूल में ना पढ़ पाने के अभाव भाव को समाप्त करने का कार्य किया है। इस दौरान संस्था में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती एम. टोप्पो, रिजवान अंसारी, सहायिका श्रीमती सुमित्रा व नान दईया उपस्थित रहे व सभी ने समाजसेवी बग्गा के कार्य की सराहना किया। स्वेटर वितरण से बच्चों के माता-पिता एवं ग्राम सरपंच श्रवण सिंह द्वारा खुशी जाहिर की गई।

## शैक्षणिक भ्रमण पर गये बाल वैज्ञानिक




क्यूँ न लिखूँ सच
बरेली- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी , उत्तर प्रदेश ( विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग , उत्तर प्रदेश शासन ) के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब बरेली ,द्वारा जिला विज्ञान समन्वयक देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में जनपद बरेली के 10 विद्यालयों के100 मेधावी छात्र - छात्राओं ने वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में जी0बी0 पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड में गुरुवार को भ्रमण किया । इस शैक्षणिक भ्रमण में जनपद 10 विद्यालयों में राजकीय इंटर कॉलेज बरेली , एम0 बी 0 इण्टर कॉलेज बरेली,गुलाब राय इंटर कॉलेज बरेली,विष्णु इंटर कॉलेज बरेली ,जय नारायण सरस्वती इंटर कॉलेज बरेली, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरेली , आर्य पुत्री इंटर कॉलेज बरेली,स्त्री सुधार गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली, कुसुम कुमारी गर्ल्स इंटर कॉलेज बरेली के 100 छात्र-छात्राएं एवं प्रत्येक विद्यालय से एक गाइड शिक्षक ने उक्त शैक्षणिक भ्रमण में सहभागिता की । सभी छात्र-छात्राएं ने अपने-अपने कॉलेज के गाइड शिक्षक -शिक्षिका के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में एकत्रित होकर दो बसों द्वारा पंतनगर को प्रस्थान किया। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया, उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए टूर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. जिला विज्ञान क्लब समन्वयक देवेंद्र कुमार ने बुके देकर तथा एकेडमिक समन्वयक उपेंद्र सिंह सिरोही ने वैज लगाकर जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह का स्वागत किया। पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में भ्रमण के दौरान वेटनरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एस. के. सिंह द्वारा डेरी विभाग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक दूध देने वाली गायों की प्रजातियों से छात्रों को अवगत कराया , पोल्ट्री फार्म का भ्रमण करवाकर मुर्गों की उन्नत प्रजातियों के बारे में बताया एवं हॉर्टिकल्चर विभाग के प्रोफेसर डॉ राजेश द्वारा फलदार पौधों की उन्नत प्रजातियों, औषधीय पौधों के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया गया।जिला विज्ञान क्लब द्वारा सभी छात्र - छात्राओं को सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई ।सभी छात्रों व गाइड शिक्षकों को प्रतिभागिता सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में स्त्री सुधार गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरिता सक्सेना, अनुपमा वर्मा, नीतू यादव, विनीता सक्सेना, अंकिता सारस्वत,रश्मि यादव, दीक्षा शर्मा, संगीता सरोज, मनोज गुप्ता, धनंजय वर्मा, केशव दास, विनय सिंह ने अपने कॉलेज की ओर से गाइड शिक्षक के रूप में मौजूद रहे।

## शामली नव चेतना पब्लिक स्कूल में स्कूल ड्रेस संगीत की हुई प्रतियोगिता



क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता
शामली नव चेतना पब्लिक स्कूल दयानंद नगर शामली में परीक्षा के दौरान हुई ड्रेस प्रतियोगिता एवं संगीत प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी परीक्षा के दौरान अपने प्रतिभा दिखाई बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए स्कूल के अध्यापक दीपक रोहिल्ला जी ने बच्चों के लिए संगीत प्रतियोगिता एवं ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया इस अवसर पर दीपक रोहिल्ला अतुल रोहिल्ला गीता आदि अध्यापक ने प्रतियोगिता सफल बनाने में योगदान दिया

## सचिन कुशवाहा ने किया रक्तदान

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी



रीवा सचिन द ग्रेट के नाम से जाने जाते हैं। जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत देहदान करने वाले अपने जूनून के लिए जाने जाते हैं गौरतलब है कि सचिन अब तक 9 बार रक्तदान कर चुके हैं वहीं अपने मरणोपरांत देहदान का सहमति भी दे चुके । रीवा संजय गांधी हॉस्पिटल थैलेसीमिया वार्ड मे रक्त की कमी पड़ने पर मरीज के लिए रक्तदान किया।रक्तवीर का कहना है की बाबा साहब की एक विचार था जीवन लम्बा होने के बजाय महान होना चाहिए। और उनका कहना है की बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी से सभी युवा को प्रेरणा लेना चाइये।

## कलेक्टर ने एक्सिस बैंक की बिहारपुर शाखा व एटीएम सेंटर का किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- एक्सिस बैंक की बिहारपुर शाखा व एटीएम सेंटर का उद्घाटन आज कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा किया गया। जिससे इस क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा का विस्तार हुआ है, जिससे निश्चित रूप से बिहारपुर के क्षेत्र वासियों को लाभ होगा। उद्घाटन के पश्चात कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल द्वारा एक्सिस बैंक का अवलोकन किया गया और एक्सिस बैंक के अधिकारियों व स्टाफ से क्षेत्र वासियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी भी ली गई। सूरजपुर जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर खुले एक्सिस बैंक को उन्होंने शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही क्षेत्र वासियों के लिए इसे लाभप्रद बताया। उन्होंने कहा कि बैंक के खुलने से बिहारपुर के आसपास के लोग इस शाखा द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। उन्होंने कहा प्रत्येक व्यक्ति मेहनत से पूंजी कमाता है जिसे सुरक्षित रखने के लिए बैंक एक बेहतर विकल्प है, जिसे सभी को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के शाखा प्रमुख श्री जितेश सिंह ने बताया कि उनके शाखा का उद्देश्य प्रत्येक कस्टमर को बेहतर सेवा प्रदान करना है। उनकी शाखा में मुद्रा लोन से लेकर केसीसी जैसी सुविधा भी उपलब्ध है। प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह किसान हो, व्यापारी हो या आम नागरिक सभी के लिए उनकी शाखा में बेहतर विकल्प उपलब्ध है।

## अंतर्राज्यीय पुलिस जांच चौकी नवाटोला का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल




सूरजपुर- - बैरियर में धान के अवैध परिवहन की जांच व आवश्यक कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश - मार्केट दिवस पर प्रत्येक शुक्रवार तहसील कार्यालय में सभी ब्लॉक लेवल के अधिकारी आमजन की समस्या निवारण के लिए रहेंगे मौजूद - बिहारपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व एनआईसी केंद्र में सर्विस और स्वास्थ्य विभाग की दिशा में होगी बढ़ोत्तरी बिहारपुर/ जिले के पंजीकृत पात्र किसान अपनी धान की फसल के प्रत्येक अन्न के दाने का मूल्य प्राप्त कर सके, इसे सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल बिहारपुर नवाटोला के अंतर्राज्यीय पुलिस जांच चौकी नवाटोला थाना चांदनी पहुंचे थे। जहां उन्होंने बैरियर में तैनात परिवहन, आबकारी, वन और पुलिस के जवानों को धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैरियर में अवैध धान परिवहन की जांच और कार्यवाही के लिए सभी अलर्ट मोड पर रहेंगे ताकि बिचौलियों को निष्क्रिय किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने अंतर्राज्यीय वनोपज जांच नाका के रजिस्टर की चेकिंग भी की। कलेक्टर ने बिहारपुर तहसील कार्यालय का निरीक्षण भी किया। जहां उन्होंने भैयाथान एसडीएम को प्रत्येक शुक्रवार को लगने वाले मार्केट दिवस पर ब्लॉक लेवल के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में जन समस्या निवारण गतिविधि के शुरुआत करने की बात कही ताकि आमजन की समस्याओं का निदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित जनों से सामान्य चर्चा की और उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और समस्याओं के आधार पर वहां उपस्थित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे थे। जहां उन्होंने उपस्थित डॉक्टर और स्टाफ से चर्चा की। उन्होंने मरीजों की सुविधाओं के संबंध में चर्चा की और उपस्थित डॉक्टर और नर्स स्टाफ को सेवा के स्तर को बेहतर से बेहतर करने के लिए कहा जैसे कि स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने वाला प्रत्येक मरीज यहां से निरोगी व संतुष्ट होकर यहां से जाए। गर्भवती महिलाओं को बेहतर से बेहतर सुविधा देने की बात उन्होंने की ताकि इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने 10 बिस्तर वाले एनआरसी का निरीक्षण भी किया। जहां उसके इंफ्रास्ट्रक्चर को और बेहतर करने के लिए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित संबंधितों को दिए।



इसके अलावा कलेक्टर द्वारा आंगनबाड़ी, स्कूल, जनपद कैम्प कार्यलय, रसौकि निर्माणाधीन सड़क, जल जीवन मिषन, रकसगंडा इंटेक परियोजना का निरीक्षण किया गया और आवष्कता अनुरूप संबंधितो को आवष्यक दिषा निर्देष दिए गये। इस अवसर पर सुश्री लीना कोसम, एसडीएम श्री सागर सिंह व अन्य संबंधित उपस्थित थें।

## बिहारपुर पहाड़ी क्षेत्र में चार दिनों से छाया अंधेरा सोलर पावर प्लांट सेवा ठप ग्रामीणों के घर में छाया अंधेरा



क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल
सूरजपुर- जिले के बिहारपुर क्षेत्र में चार दिन से बे मौसम बारिश की वजह से बिहारपुर क्षेत्र के कई गांव में सोलर पावर प्लांट सेवा ठप हो गया है ग्रामीणों के घर में अंधेरा छाया हुआ है वहीं सड़क में जगह-जगह कीचड़ में तब्दील हो गया है आने जाने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिले के दूरस्थ क्षेत्र मैं सोलर पावर प्लांट लगाकर ग्रामीणों के घर लाइट दिया गया है जहां धूप न होने से चार दिन से अंधेरा पसरा हुआ है वही महुली जुडवानिया मोहरसोप खोहीर कोल्हुआ चोंग करौटी ए खैरा कछिया बैजनपाठ लूल्ह भून्डा तेलाईपाठ रसौकी रामगढ़ उमझर सहित बिहारपुर क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव में अंधेरा पसरा हुआ है जगह-जगह सड़क कीचड़ में तब्दील हो गया है

## रोड शोल्डर के लिए मुरुम की जगह डाली मिट्टी, यातायात में दिक्कत

क्यूँ न लिखूँ सच
रामचंद्र जायसवाल



सूरजपुर- बिहारपुर - रसौकी मुख्य मार्ग को पीएमजसवाई द्वारा नवीनीकरण किया जा रहा है जहां पर साइड शोल्डर का कार्य कराया जा रहा है। मुरुम की जगह मिट्टी डाल दी गई है। इसके चलते राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिहारपुर- रसौकी मुख्य मार्ग पर अभी साइड शोल्डर का कार्य ठेकेदार द्वारा कराए जा रहा है। अभी लगातार तीन दिन बरसात होने पर साइड शोल्डर मोरम की जगह लाल मिट्टी डाल देने से कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया कि बिहारपुर-रसौकी मुख्य मार्ग को ठेकेदार द्वारा नवीनीकरण किया जा रहा है। यहां साइड शोल्डर कार्य में सड़क के दोनों तरफ मुरुम डालकर रोलर से दबाना चाहिए था, लेकिन इस साइड शोल्डर कार्य में ऐसा कुछ भी नहीं किया गया। ठेकेदार द्वारा अवंतिकापुर से बिहरपुर तक सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी डालकर जेसीबी से ही फैलाया गया है। बैकुंठपुर के ठेकेदार अशोक कुमार जायसवाल द्वारा जेसीबी ट्रैक्टर एवं हाईवे से कार्य कराया जा रहा है। वही सड़क पर बाहर से लाल मिट्टी लाकर डाली गई है। सड़क के दोनों किनारों पर कीचड़ हो गया है। आए दिन दुर्घटना हो रही है। किसी भी गाड़ी को साइड देते समय गाड़ी फिसल कर अनियंत्रित हो रही है। वहीं कार्य के दौरान पीएमजसवाई विभाग का कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं रहता। ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है। मुरुम डालने कहा था हटाई जाएगी मिट्टी पीडब्ल्यूडी अंतागढ़ एसडीओ आशा मंडावी ने कहा किसी भी प्रकार का ठेका शोल्डर के काम के लिए नहीं हुआ है। भैंसगांव में सड़क चौडीकरण के लिए धरना प्रदर्शन, चक्काजाम किया गया था। इसके चलते सड़क के दोनों तरफ साइड शोल्डर का काम करवाने जेसीबी वाले को बोला था, लेकिन मिट्टी की जगह मुरुम डालने बोला गया था। जहां-जहां मिट्टी डाली है, हटवाने कहा है। ेलिए काम बंद किया है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# विधायक पुत्री की शादी में पहुंची कई मंत्री, नहीं आए डिप्टी सीएम, लगीं वाहनों की लंबी कतारें



कोल विधायक अनिल पाराशर की पुत्री की शादी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य नहीं पहुंच सके। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, पशुधन एवं दुग्ध विकास विकास मंत्री डॉ. धर्मपाल, समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण समेत अन्य मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी, जिलों के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। अलीगढ़ में आगरा रोड स्थित राधा वन में आयोजित कोल विधायक अनिल पाराशर की बेटी की शादी में प्रदेश सरकार के कई मंत्री व वीआईपी पहुंचे। इस दौरान आगरा रोड पर शाम से लेकर देर रात तक जाम लगा रहा। कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। अलीगढ़ में आगरा रोड स्थित राधा वन में आयोजित कोल विधायक अनिल पाराशर की बेटी की शादी में प्रदेश सरकार के कई मंत्री व वीआईपी पहुंचे। इस दौरान आगरा रोड पर शाम से लेकर देर रात तक जाम लगा रहा। कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।नहीं आए डिप्टी सीएम - शादी समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को भी शामिल होना था। उनका सरकारी कार्यक्रम भी प्रशासन को मिल गया था। इसको लेकर प्रशासनिक स्तर से व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं तैयारियां की गई थीं। हालांकि, अंतिम समय में उनका कार्यक्रम टल गया। ये आए मंत्री- शादी समारोह में भाग लेने के लिए योगी मंत्रिमंडल के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, पशुधन एवं दुग्ध विकास विकास मंत्री डॉ. धर्मपाल, समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण समेत अन्य मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी समेत जिले के अलावा आस पड़ोस के जिलों के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। रेंग-रेंगकर गुजरे वाहन- अतिथियों के जमावड़े के चलते कार्यक्रम स्थल से लेकर हाईवे बाईपास, मडराक टोल प्लाजा से लेकर मंगलायतन मंदिर, हनुमान चौकी तक कई किलोमीटर लंबा जाम रहा। इसको लेकर प्रशासन को हाथरस, सासनी, सासनीगेट से कार्यक्रम स्थल की ओर आने वाले वाहनों को शाम से ही रोकना पड़ा। जबकि अलीगढ़ की ओर आने एवं हाथरस की ओर जाने वाले वाहन चालकों एवं राहगीरों को घंटों जाम से रूबरू होना पड़ा। इस दौरान वाहन रेंग-रेंगकर गुजरते रहे।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, पति समेत चार लोगों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट



बरेली के मीरगंज क्षेत्र के गांव कपूरपुर में एक विवाहिता की मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि ससुराल वालों का कहना है कि बहू ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। मृतका की मां की तहरीर पर पति, देवर व सास-ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।मृतका की मां ने दहेज की खातिर हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं आरोपी पति का कहना है कि पत्नी ने खुदकुशी की है। कपूरपुर निवासी बीनू देवी ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रीगल ( 25 वर्ष ) की शादी गांव के ही गजेंद्र सिंह के पुत्र विकास के साथ 24 नवंबर, 2020 को की थी। हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। कुछ समय बाद ससुराल वाले पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। असमर्थता जताई तो रीगल को प्रताड़ित किया जाने लगा। उसकी ससुराल जाकर दामाद, सास-ससुर और देवर को समझाया, लेकिन वह लोग नहीं माने।

## जमीन पर पड़ा मिला था शव


छह दिसंबर की शाम को उनकी बेटी रीगल ने बताया कि पति विकास, देवर प्रद्युम्न, सास माया और ससुर गजेंद्र उसे मारने की योजना बना रहे हैं। बृहस्पतिवार की सुबह पता चला कि चारों ने उनकी पुत्री की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाया जा रहा था। पड़ोसी की सूचना पर वह परिजनों के साथ पहुंची तो रीगल का शव जमीन पर पड़ा था। पति ने कहा- खाना बनाने को लेकर हुई थी कहासुनी -
उसने पुलिस को सूचना दी तो सीओ मीरगंज दीप शिखा अहिबरन, प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह और तहसीलदार मीरगंज मौके पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। इधर, गजेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद पुत्रवधू ने गुस्से में आकर साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। हत्या का आरोप निराधार है।

# कचहरी परिसर से पुलिस ने कथित अधिवक्ता को पकड़ा, रिपोट

मुरादाबाद - कथित वकील बनकर लोगों को गुमराह करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गुरुवार को पकड़ लिया। दो महीने पहले महिला अधिवक्ता ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मझोला थाना क्षेत्र निवासी व कचहरी परिसर चैंबर नंबर-291 में बैठने वाली महिला अधिवक्ता प्रियंका ने थाना सिविल लाइंस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में आरोप लगाया था कि संभल जिला निवासी जावेद वकील की वेशभूषा में गले में बैंड लगाकर लोगों को गुमराह कर रहा था। उनकी तहरीर पर इंस्पेक्टर सिविल लाइंस राम प्रसाद शर्मा ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि पुलिस की टीम ने सादा कपड़ों में कचहरी परिसर में पहुंचकर जावेद को हिरासत में लिया। उससे पूछताछ की जा रही हैं। महिला अधिवक्ता प्रियंका की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में आरोपी जावेद को फर्जी वकील बताया गया है। दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गुप्ता का कहना है कि यदि कचहरी में कोई तथाकथित वकील बनकर लोगों को गुमराह कर रहा है तो एसोसिएशन भी ऐसे व्यक्ति पर अलग से कार्रवाई करेगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# आरपीएफ के सिपाही ने जहर खाकर की आत्महत्या, कमरे में बेड पर मिला शव



बरेली में आरपीएफ के सिपाही ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह उसका शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला। सिपाही मूलरूप से हरियाणा के कैथल जिले का रहने वाला था। उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। बरेली के सीबीगंज में आरपीएफ के सिपाही मनदीप (27) ने जहर खाकर आत्महत्या ली। वह यहां एक मकान पर किराये पर रहता था। शुक्रवार सुबह जब काफी देर तक उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक को शक हुआ। उन्होंने खिड़की से झांका तो मनदीप बेड पर बेसुध दिखा।

उन्होंने कई बार आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर घटना की सूचना मकान मालिक राजन श्रीवास्तव ने सीबीगंज पुलिस को दी।थाना सीबीगंज के इंस्पेक्टर राधेश्याम व आरपीएफ कमांडेंट ऋषि पांडेय, आरपीएफ इंस्पेक्टर केदार यादव वा आरपीएफ डेमू चौकी प्रभारी दीपक सिंह कश्यप मौके पर पहुंचे। मृतक के कमरे से सल्फास के पाउच, कोल्डड्रिंक की खाली बोतल व गिलास बरामद किया गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कैथल का रहने वाला था सिपाही - सिपाही मनदीप मूल रूप से थाना पुंडरी जिला कैथल, हरियाणा का रहने वाला था। वह यहां डेमू शेड आरपीएफ चौकी में तैनात था। उसने आत्महत्या क्यों की, इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है। वे लोग वहां से बरेली के लिए रवाना हो गए हैं।

# कतार में बिगड़ी अमेरिकी महिला पर्यटक की तबीयत, पहले कराया इलाज; फिर निहारा ताज



लाइन में लगी अमेरिकी महिला पर्यटक को अचानक घबराहट होने लगी। उसे तत्काल ही शांति मांगलिक अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। आराम मिलने के बाद महिला ने ताज का दीदार किया। ताजमहल में बृहस्पतिवार को अमेरिकी सैलानी की तबीयत बिगड़ गई। कमजोरी और घबराहट की शिकायत पर उन्हें एंबुलेंस से शांति मांगलिक अस्पताल भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद सैलानी होटल वापस जाने के बजाय दोबारा ताजमहल पहुंचीं और स्मारकों का दीदार किया।अपने दल के साथ ताजमहल घूमने आईं अमेरिका के केंटुकी की सारा एलिजाबेथ सुबह करीब 10 बजे ताजमहल पहुंचीं। प्रवेश के लिए पश्चिमी गेट पर कतार में खड़ी थीं। सारा की तबीयत अचानक खराब हो गई। कमजोरी और घबराहट की शिकायत पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान पहुंचे। एंबुलेंस से सारा को शांति मांगलिक अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि करीब घंटेभर बाद सारा फिर से ताजमहल पहुंचीं और स्मारकों का दीदार करने के बाद ही लौटीं। नवंबर माह में करीब सात बार सैलानियों की तबीयत स्मारक पर बिगड़ चुकी है। संरक्षण सहायक को नहीं पता- इस संबंध में संरक्षण सहायक ताजमहल प्रिंस बाजपेई का कहना है कि उन्हें किसी पर्यटक की तबीयत बिगड़ने की कोई जानकारी नहीं है। डिस्पेंसरी में नहीं है सुविधाएं- ताजमहल का दीदार करने रोज हजारों की संख्या में देसी और विदेशी पर्यटक आते हैं। आए दिन पर्यटकों की तबीयत खराब होने और दुर्घटना में चोटिल होने के प्रकरण भी होते हैं। बावजूद इसके ताजमहल पर न तो चिकित्सक की तैनाती है और न ही जीवन रक्षक उपकरणों का इंतजाम। आपात स्थिति में पर्यटकों की जान एंबुलेंस के हवाले है। जबकि सितंबर माह में ही फतेहपुर सीकरी स्मारक में रेलिंग से गिरकर एक फ्रेंच महिला पर्यटक की मृत्यु हो गई थी। तब भी स्मारकों पर चिकित्सकीय सुविधाएं और चिकित्सक तैनाती की बातें की गईं थी। ढाई महीने बाद भी व्यवस्थाएं वैसी ही हैं।

# विद्यार्थियों को एकाग्रचित्त होकर अध्ययन करना चाहिए,तब आप निश्चित सफलता प्राप्त करेंगे,सीडीओ



क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय कार्यक्रम एकलव्य के दूसरे दिन शामिल हुए प्रसिद्ध अधिकारी व व्यवसायी । एकलव्य के दूसरे दिन कैरियर काउंसलिंग में सीडीओ बरेली जग प्रवेश ने प्रशासनिक सेवाओं में चयन के लिए उसकी प्रक्रिया, एग्जाम के स्ट्रक्चर, परीक्षा पर पूरा फोकस और कैसे आप कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता जैसे बिंदुओं के माध्यम से बच्चों को जानकारी देते हुए जागरूक किया। आई0 बी0 आर0 आई0 से आए वैज्ञानिक सोमवंशी ने बच्चों को वैज्ञानिक बनने के लिए बीएससी, एमएससी और पी0 एच0डी0 एवं मेडिकल इंडस्ट्रियल, बायोकेमिस्ट, स्पेस न्यूक्लियर एग्रीकल्चर, वैटरनरी आदि बहुत से क्षेत्र हैं ।जिनमें वैज्ञानिक बना जा सकता है। किस प्रकार आप साइंस के क्षेत्र में आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। इन सब विषयों पर भी बात की बच्चों को किस प्रकार अपना बौद्धिक कौशल को ध्यान में रखते हुए विषयों का चयन करना चाहिए। इस संबंध में बताया में भी विस्तार से बताया।सी0 ए0 अतुल अग्रवाल ने सी0 ए0 बनने के लिए बताया सबसे पहले फाऊंडेशन परीक्षा पास करना, इससे सम्बन्धित कोर्स तथा मेंबरशिप के बारे में बताते प्रतिष्ठान, जॉब कार्ड, जॉब की जानकारी दी । शिवानी बेदी में ने फैशन के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए इच्छुक छात्राओं -छात्रों को महत्वपूर्ण बिंदुओं जैसे किस प्रकार आप इस क्षेत्र में डिग्री प्राप्त कर सकते हैं, इससे संबंधित विभिन्न कोर्सों के विषय में जानकारी दी। सुरभि शर्मा ने शिक्षक बनने के क्षेत्र में इच्छुक छात्रों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने इस क्षेत्र की विशेषता को बताते हुए समझाया कि किस प्रकार बच्चे विद्यार्थी शिक्षक बनकर ज्ञान का प्रकाश दे सकते हैं।इंटीरियर डिजाइनर स्वाति खरे एवं आर्किटेक्ट आशुतोष सक्सेना ने संबंधित कोर्सों के विषय में बताया। एयरफोर्स अधिकारी अनिल चौधरी ने डिफेंस सर्विसेज के विषय में जानकारी दी ।इसके विभिन्न प्रकार के कोर्सेस के बारे में बच्चों को अवगत कराया साथ ही उद्यमी दिनेश गोयल ने छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस क्षेत्र में आने वाली बाधाओं और नई टेक्नोलॉजी के बारे में बताया। एडवोकेट शिरीष मल्होत्रा ने कानून विषय पर पढ़ाई करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। किस प्रकार इस क्षेत्र में भविष्य बनाने पर और विभिन्न प्रकार के कोर्स के विषय की जानकारी दी। सभी प्रतिष्ठित व्यवसायियों और अधिकारियों ने बच्चों को बताया सोशल मीडिया से दूर रहकर लक्ष्य पर फोकस करें। अपने भविष्य को उज्ज्वल बनायें ।शुक्रवार को हुए द्वितीय सेशन संचालन में शिक्षक स्वाति चतुर्वेदी ,निशु अग्रवाल, दीपिका, शिखा सक्सेना तथा यति ग्रोवर का सहयोग रहा। वहीं विद्यार्थीयों में दीपांशिका ,अर्श गंगवार ,राधे सक्सेना, वेदांत, प्रतिभा, यशप्रीत, अंजली कुमारी, जोया, हर्षदीप ने संचालन में अपनी सहभागिता दी। अंत में चेयरमैन पारुष अरोड़ा एवं डायरेक्टर पार्थ अरोड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। एकलव्य कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम के अंतिम दिन शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी अपनी सहभागिता देंगी 7

# सरेराह उतारा बुर्का और बदल लिया वेश... सीसीटीवी फुटेज देख लोग हैरान; जहन में एक ही सवाल- कौन है ये



बरेली में एक युवक ने राह चलते पांच सेकेंड में अपना वेश बदल लिया। दरअसल, वह बुर्का पहने हुए था। गली में पहुंचते ही उसने बुर्का उतारा और लड़के के वेश में आ गया। उसकी यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। बरेली में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पुराने शहर में कुतुब शाह जियारत के पास गली में एक युवक ने ऐसी हरकत की, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए। दरअसल, युवक बुर्का पहने हुए था। गली में पहुंचते ही उसने बुर्का उतारा और थैले में रखकर वहां से चला गया। बृहस्पतिवार को उसका वीडियो वायरल हुआ तो इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। यह वाक्या पुराना शहर स्थित कुतुब शाह की जियारत के पास का है, जहां एक युवक महिला के लिबास में बुर्का पहन कर घूम रहा था। गली में पहुंचते ही उसने तेजी से बुर्का उतार दिया। उसकी यह हरकत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। लोगों ने सीसीटीवी फुटेज देखी तो हैरान रह गए। इलाके में बच्चा चोर गिरोह सक्रिय होने की अफवाह फैल गई।

## बच्चा चोर होने की चर्चा

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि युवक की गतिविधियां संदिग्ध हैं। वह हमारे इलाके का नहीं है। बच्चा चोर होने की आशंका पर लोगों ने मोहल्लेवासियों से अपील की है कि अपने बच्चों को ख्याल रखें। स्कूल, कोचिंग कहीं भी बाहर अकेले न भेजें। उधर, इसकी जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मोहल्ले के लोगों से पूछताछ की। थाना बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि जिस व्यक्ति ने यह वीडियो वायरल किया है, उसी के घर के सामने का वीडियो का है। महिलाओं ने बताया कि यह युवक गली में भीख मांग रहा था। युवक के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। युवक कौन है, इसका पता अभी नहीं चल सका है।

# साइबर क्राइम में देश में आठवें स्थान पर यूपी, यौन शोषण संबंधी अपराध बढ़े




यूपी में यौन शोषण संबंधी साइबर क्राइम बढ़ गए हैं। वहीं, साइबर अपराधों के मामले में यूपी देश में आठवें स्थान पर है। पढ़ें, एनसीआरबी की रिपोर्ट- नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में साइबर क्राइम की वजहों में यौन शोषण के सर्वाधिक 787 मामले महाराष्ट्र में हुए, जबकि 542 मामले यूपी में हुए। यदि अन्य राज्यों में होने वाले साइबर क्राइम की घटनाओं की दर से तुलना की जाए तो यूपी आठवें स्थान पर है।यूपी में 2020 में साइबर क्राइम के 11,097, वर्ष 2021 में 8,829 और 2022 में 10,117 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में वर्ष 2022 में साइबर क्राइम के 10,741 मामले दर्ज हुए थे। बीते वर्ष यूपी में साइबर क्राइम के 45.3 प्रतिशत मामलों में ही अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो सकायूपी में साइबर क्राइम के मामलों की वजहों पर गौर करें तो बीते वर्ष 37 मामले आपसी रंजिश, 108 मामले गुस्से की वजह से, 4,506 धोखाधड़ी के उद्देश्य से, 1,250 वसूली के लिए, 883 छवि धूमिल करने के मकसद से और 58 मामले प्रैंक (मजाक) करने की वजह से अंजाम दिए गए थे। इसके अलावा 542 यौन शोषण, 57 राजनीतिक कारणों से और 13 देश के प्रति नफरत में किए गए थे। साइबर क्राइम में पुलिस ने बीते वर्ष 7,122 जालसाजों को गिरफ्तार भी किया। यूपी में बीते वर्ष पोर्नोग्राफी के सर्वाधिक 450 मामले भी दर्ज हुए। लेकिन पर्यावरण संबंधी अपराधों में आई कमी- यूपी में पर्यावरण संबंधी अपराधों में लगातार कमी दर्ज की गई है। 2020 में पर्यावरण संबंधी अपराध के 2,981 मामले यूपी में दर्ज किए गए थे। 2021 में ये घटकर 1,573 और 2022 में ये 1,486 रह गई। बीते वर्ष पर्यावरण संबंधी अपराध के दर्ज मामले में वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत 1,201, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के 120, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के 103, वायु एवं जल प्रदूषण के छह, सिगरेट व तंबाकू उत्पादों से संबंधित 55 और ध्वनि प्रदूषण का एक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इनमें से 96.2 प्रतिशत मामलों में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

# जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना स्थल का निरीक्षण कर लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-मा0 मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत तथा नगर विकास उ0प्र0 श्री ए0के0 शर्मा ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपरान्ह में जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना स्थल मलावन पहुंचे जवाहरपुर तापीय परियोजना स्थल पहुंचने पर मा0 मंत्री जी का प्रबंध निदेशक पी0 गुरूप्रसाद, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, विधायक सदर विपिन वर्मा डेविड ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया मैसर्स दूसान पावर सिस्टम इण्डिया प्राइवेट लि0 द्वारा 1320 मेगावाट जवाहरपुर तापीय परियोजना का निर्माण कार्य 12320.43 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है मा0 मंत्री जी ने इस दौरान एस0 डक्ट, रेलवे साइट, रेलवे ट्रैक, बायलर, टरबाइन, कुलीन पावर, कन्ट्रोलरूम आदि प्रमुख स्थानों का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की जनपद में 27980 लोगों ने ओटीएस स्कीम का लाभ लेते हुए लगभग 19 करोड़ रूपये की धनराशि जमा की है ओटीएस के तहत 100 प्रतिशत छूट की स्कीम 15 दिसम्बर तक ही है, इसका लाभ लेकर अपना बिल जमा करें, जिससे भविष्य में कोई समस्या न हो। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत निगम के प्रबंध निदेशक पी0 गुरूप्रसाद, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, परियोजना प्रबंधक अजय कुमार, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एसडीएम सदर सुश्री भावना, मुख्य अभियंता आर0एस0 कुशवाह, अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# रिश्वत लेने के आरोप में लेखपाल को किया सस्पेंड

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-5 दिसम्बर को लेखपाल पुत्र द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी ने मामले को लिया संज्ञान, संजय सक्सेना के पुत्र अमित सक्सेना पर डेढ़ लाख रुपए के रिश्वत लेने का लगाया था आरोप हुई थी वीडियो वायरल, लेखपाल संजय सक्सेना को पुत्र द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में लेखपाल को किया सस्पेंड, सेवा नियमावली में दोषी पाए जाने पर तेज तर्रार एसडीम प्रतीत त्रिपाठी ने लेखपाल संजय सक्सेना को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित, तहसील व थाना अलीगंज क्षेत्र के दादूपुर खुर्द का था पूरा मामला!

# साधन सहकारी समिति पर दवाए भी मिलेंगी




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-किसानों को गेहूं और खाद-बीज बेचने वाली साधन सहकारी समितियां अब गांव में दवाएं बेचेंगी। इन समितियों पर जनऔषधीय केंद्र चलाने के लिए लाइसेंस ले लिए गए हैं। एटा और कासगंज में अभी तक दस समितियों को तैयार किया जा चुका है। 15 दिसंबर के बाद से इन पर सस्ते रेटों पर दवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी। सस्ती दवा लेने के लिए गांव के व्यक्ति को शहर आने की जरूरत नहीं है। एटा और कासगंज में कॉपरेटिव की 104 सहाकारी साधन समितियां काम कर रही हैं। इनमें से 10 समितियों पर जनऔषधीय केंद्र खोले जा रहे हैं। औषधीय केंद्र खोलने से पहले फार्मासिस्टों से संपर्क किया गया। इनसे कमीशन पर यह लोग रखे गए। मेडिकल के लाइसेंस भी इन्हीं के नाम से लिए गए हैं। गांव के लोगों को सस्ती दवा लेने के लिए कहीं की दौड़ लगाने की जरूरत नहीं है। जो केंद्र चिह्नित किए गए हैं वह गांव-कस्बाई इलाके हैं। इन केंद्रों पर 1900 तरह की दवाएं मौजूद रहेंगी। लाइसेंस मिलने के बाद दवा का आर्डर दे दिया गया है। जैसे ही स्टॉक में दवाएं आएंगी, वैसे ही इन केंद्रों पर बिक्री शुरू करा दी जाएगी। सीएससी के रूप में काम हुआ शुरू एटा और कासगंज की समितियों पर सीएससी का काम शुरू कर दिया गया। गांव के लोगों को खतौनी, फर्द, पेन कार्ड, आधार कार्ड, बिजली बिल आदि तरह के काम शुरू कर दिए गए हैं। अभी 104 स्थानों पर काम शुरू किया जा चुका है।

# देश-दुनिया में गरबा की धूम, यूनेस्को की विरासत सूची में शामिल होने के बाद उत्सव के रंग में डूबे लोग




बोत्सवाना में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए बनाई गई यूनेस्को की अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक शुरू हुई। इस दौरान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में गरबा शामिल करने का एलान किया गया था। बाद में उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया गया।संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष इकाइयों में शामिल- यूनेस्को ने गुजरात के पारंपरिक गरबा डांस को सांस्कृतिक धरोहर माना है। यूनेस्को ने हाल ही में गरबा डांस को दुनियाभर में गौरवशाली उपलब्धि मानी जाने वाली सूची में शामिल किया है। इसी को लेकर फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन (एफआईए) एनवाई-एनजे-सीटी-एनई ने कई सामुदायिक संगठनों और न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के समर्थन के साथ %क्रॉसरोड्स ऑफ द वर्ल्ड% में एक स्मारक गरबा समारोह का आयोजन किया।

## यहा है गरबा लोकप्रिय

बता दें, गरबा गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित भारत के प्रमुख राज्यों में एक बहुत ही लोकप्रिय समूह लोक नृत्य है। अक्सर नवरात्रि के दौरान गरबा उत्सव मनाया जाता है। इसकी लोकप्रियता देश ही नहीं बल्कि विदेशों में काफी है। इसे संयुक्त अरब अमीरात (दुबई), संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और कई अन्य देशों में प्रवासी भारतीय प्रवासियों के बीच काफी पसंद किया गया है। गौरतलब है कि गरबा डांस को हृश्वस्ष्टह्न की सूची में शामिल करने के लिए नॉमिनेट किया था। बुधवार को यूनेस्को के फैसले के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री ने कहा था कि गरबा के रूप में देवी मां की भक्ति की सदियों पुरानी परंपरा न केवल जीवित है, बल्कि इसे आगे भी बढ़ाया जा रहा है।

## छ्ह दिसंबर को किया था...

गौरतलब है कि मंगलवार को दक्षिण अफ्रीकी देश बोत्सवाना में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए बनाई गई यूनेस्को की अंतर सरकारी समिति की 18वीं बैठक शुरू हुई। इस दौरान अमूर्त सांस्कृतिक विरासत (Intangible Cultural Heritage या आईसीएच) की सुरक्षा के लिए 2003 कन्वेंशन के तहत गरबा डांस को यूनेस्को की सूची में शामिल करने का एलान किया गया। इस फैसले के बाद उत्सव को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह में भाग लेने वालों को मुफ्त में यात्रा, जलपान और भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए थे। यह कार्यक्रम गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का एक अनूठा उदाहरण था, क्योंकि उपस्थित लोगों ने पारंपरिक गरबा पोशाक पहनी थी।अमूर्त विरासत सूची में... यूनेस्को ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारत को बधाई देते हुए लिखा कि अमूर्त विरासत सूची पर नया शिलालेख- गुजरात का गरबा। इस समारोह में शामिल होने के लिए एफआईए ने पूरे भारतीय अमेरिकी समुदाय को एक खुला निमंत्रण दिया था। कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी अपना सहयोग दिया था। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यूनेस्को द्वारा गरबा को अमूर्त विरासत घोषित किए जाने की सराहना की।

# अष्टम पुस्तक मेला जिले के युवा वर्ग के लिऐ उज्वल भविष्य की संजीवनी- प्रेमरंजन सिंह




क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-ए.आर.एम. मैनपुरी संजीव यादव के पिता श्री स्व. श्री बृजपाल सिंह यादव पी.ई.एस. की स्मृति में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित हो रहे अष्टम पुस्तक मेले का शुभारंभ गत गुरूवार को प्रेमरंजन सिंह जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा किया गया ! जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पुस्तक मेले के मुख्य द्वार पर एटा पुस्तक मेले का ध्वजारोहण एवं पुस्तक मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया ! जिलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित प्रधानाचार्य, शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राओं को पुस्तकों की उनके जीवन में महत्वता के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें शैक्षिक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तक क्रय करने हेतु कहा गया ! इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रधानाचार्यों को भी अपने विद्यालय के पुस्तकालय हेतु पुस्तकें क्रय करने हेतु सुझाव दिया गया ! पुस्तक मेले के उद्घाटन अवसर पर मनोज कुमार गिरी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ ,उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य डाइट जितेंद्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रकेश सिंह यादव, एआरएम राजेश कुमार यादव , प्रधानाचार्य जीआईसी सुभाष सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ! प्राचार्य डाइट द्वारा पुस्तक मेले में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता जिसका मुख्य विषय मतदाता जागरूकता रखे जाने पर पुस्तक मेले के संयोजक तथा उनकी टीम को बधाई दी गई ! मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक अलीगढ़ मनोज कुमार गिरी द्वारा अपने वक्तव्य में बताया गया कि उन्हें एक बार पुनः पुस्तक मेले में आकर अपने घर जैसा माहौल मिला क्योंकि वह पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक पद पर रह चुके हैं और पुस्तक मेले में प्राप्त अपने अनुभवों से अवगत कराया ! जिला विद्यालय निरीक्षक चंद्रकेश सिंह द्वारा भी एटा में पुस्तक मेले को एक अद्भुत प्रयास बताया गया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को पुस्तक मेले के भ्रमण हेतु कहा गया ! पुस्तक मेले के उद्घाटन के अवसर पर माध्यमिक ,सीबीएसई, डिग्री कॉलेज ,डीएलएड ,के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, विजय मिश्रा, डॉ.सुधीर गुप्ता, मनोज कुमार तिवारी ,डॉ.डीके सिंह, क्षेत्रपाल सिंह, डॉ.राकेश यादव, अजय मोहन शर्मा, राकेश यादव, बाबूराम, विष्णु पांडे ,श्रीमती संध्या गौतम, जनपद हाथरस से डॉ. नीतू यादव , रामकृष्ण शर्मा, श्रीमती प्रीति कश्यप प्रवक्ता , नरेंद्र यादव एडीओ पंचायत, फुटबॉल संघ के राजीव यादव सचिव,, देवेंद्र चौधरी अध्यक्ष, शैलेंद्र गुप्ता ,पदमेनद्र वार्ष्णेय , राहुल मिश्रा, मनीष दुबे, राजीव वर्मा, मनोज कोच ,सेवाराम आदि उपस्थित रहे पुस्तक मेले के सहसंयोजक अनूप दुबे द्वारा बताया गया कि आज आयोजित प्रतियोगिताओं में रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिताओं में सरस्वती विद्या मंदिर ,एस बी पब्लिक स्कूल , राम बाल भारती इंटर कॉलेज ,आदर्श इंटर कॉलेज जलेसर, जनता इंटर कॉलेज धुमरी ,जनता इंटर कॉलेज कैल्ठा, डीपी इंटर कॉलेज कठोली, माधवानंद इंटर कालेज कसैला ,आर डी इंटर कॉलेज अलीगंज, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज सहित कई विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ! उद्घाटन के अवसर एटा पुस्तक मेले के संयोजक संजीव कुमार यादव ए.आर.एम. मैनपुरी द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया तथा अपील की गई की आप अधिक से अधिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ,बच्चों एवं परिवारीजनौ के साथ पुस्त मेले का भ्रमण करें, मंच का संचालन एवं पर्यावरणविद ज्ञानेंद्र रावत एवं संजय शर्मा जी द्वारा किया गया ! मेले में इस बार एन.बी.टी. प्रकाशन,वांणी प्रकाशन,निखिल पब्लिसर्स,गीता प्रेस,सेतू पब्लिकेशन,स्टार्डम पब्लिकेशन,स्वराज,डायमंड,यूनिवर्सल आदि अनेको नामचीन प्रकाशनों की हिस्सेदारी महत्वपूर्ण रही है

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Don't forget to keep these four things in children's room, otherwise you may get into trouble.

It is said that the atmosphere of the houses where there are children is quite pleasant. At the



same time, elders take care of themselves, but the family members have to take care of small children. Apart from this, you may not know but there are some things which we should not keep in our children's room, because if you do so, it may harm the children or some things may get damaged etc. Therefore, which items should be kept in the children's room and which should not. It becomes important to know this. So let us know which are those items which you should not keep in the children's room. You can know about this further. These are those four things: - Avoid keeping any sharp objects in children's room, because if children start playing with them, then these sharp things can become dangerous for them and their hands etc. can get cut. Could. Therefore, never keep knives, scissors, testers, glass items or any sharp objects in the children's room. Number 2: Do not keep any kind of medicine in the children's room even by mistake. This is because small children have a habit of putting everything in their mouth. In such a situation, if children put any medicine in their mouth while playing, it can even be fatal. Therefore, avoid doing this, do not forget to keep these four things in the children's room, otherwise you may face problems. Parenting Tips in Hindi: It is said that the atmosphere of the houses where there are children is very pleasant. At the same time, elders take care of themselves, but the family members have to take care of small children. Apart from this, you may not know but there are some things which we should not keep in our children's room, because if you do so, it may harm the children or some things may get damaged etc. Therefore, which items should be kept in the children's room and which should not. It becomes important to know this. So let us know which are those items which you should not keep in the children's room. You can learn about this further. So let's know about this...these are those four things:- Number 1- Avoid keeping any sharp objects in the children's room, because if children start playing with them then these sharp objects can become dangerous for them and His hand etc. may get cut. Therefore, never keep knives, scissors, testers, glass items or any sharp objects in the children's room. Do not keep any kind of medicine in the children's room even by mistake. This is because small children have a habit of putting everything in their mouth. In such a situation, if children put any medicine in their mouth while playing, it can even be fatal. Therefore avoid doing this. Never install the electric switch in the children's room at the bottom or in a place that is easily accessible to them. This is because small children put their fingers in them, due to which they can get electrocuted. Therefore, keep them at the top and if they are at the bottom, then cover them with tape. Number 4- If you are keeping a cooler or table fan in the room of small children, then keep them away from the reach of children. Many times, while they are moving, children can put something in them or small children can even put their fingers in them. Therefore, keep them out of their reach or do not keep them in their room.

## Book shelf can enhance the beauty of the room, here are some ways

If it is not possible to make a study area in the house due to lack of space, then you can make a wall bookshelf by using the walls. These bookshelves can help you organize your books and beautify your home. If arranged in an organized manner, a shelf full of books enhances the look of any room and beautiful wall bookshelves can help you in this. Today, even in the age of Internet, there are many people who do not forget to read books. They make a study



area in the haouse so that they can collect a beautiful collection of favorite books, but if it is not possible to make a study area in the house due to lack of space, then you can make a wall bookshelf by using the walls. These bookshelves can help you organize your books and beautify your home. Corner Wall Bookshelf- Nowadays, the trend of making corner wall bookshelf has increased a lot, because it utilizes small space properly. A corner bookshelf is an ideal idea for storing books. These come in many fancy styles. In these you can easily keep the books organized and can read the books of your choice whenever you wish. Reading Circle- It is made of circular wood. You can also put this on the wall. It has different slots or parts in which you can keep books. This bookshelf made of circular design will add to the beauty of the room due to its unique design. Floating- Making a floating wall bookshelf in less space is the right decision. These bookshelves look as if they are holding themselves without any support. Their special thing is that their fitting is done very well. Made of glass- Nowadays, wall bookshelves made of glass are the first choice of people, because they look very attractive and beautiful. These are also easily cleaned. This bookshelf can completely change the look of your room. If you want, you can also illuminate the bookshelf by installing LEDs on it. Cube- These wall bookshelves look more organized and can be easily mounted on the wall. You can choose different cubes to keep small and big books separately. If you want, you can fix a triangular shaped wall bookshelf. Spine-spine wall bookshelves also fit easily in less space. You can also install it on the wall near the door or on the wall of the veranda. Ladder- It is easy to organize books in a ladder-shaped bookshelf. You can paint it in your favorite color or even make it colorful. A ladder-like wall bookshelf can hold a lot of books.

# If you want to go to cold places then take special care of your skin, otherwise your skin will become lifeless.

With the beginning of the winter season, this year is now nearing its end. There are speculations that it will be even more severe from the beginning of the month of December. There is also a possibility of snowfall in the hilly areas. In such a situation, most people plan to travel with




their family at the end of the year. The weather is nice in winter and children also have school holidays. Along with this, the working people also use their remaining holidays of the year in the month of December only. If you are also planning to visit a place where it is very cold, then this news is for you. Actually, to go to cold places, you need to take great care of your skin. Today we are going to tell you about this, if you are going to a cold place, then you can take special care of your skin by adopting these methods. Take special care of hydration - If you are going to a place where It is very cold there, so keep your body hydrated there. In such a situation, do not reduce water intake. Consume maximum quantity of water, herbal tea, soup etc. By consuming these, your skin will glow from within. It is important to protect the skin - It becomes very important to take care of the skin in cold places. For this you have to use a good cleanser even in winter. Along with this, never forget to use good quality face wash. After washing the face, immediately apply moisturizer in winter and last of all, protect the skin by applying sunscreen on the skin. Don't forget the night care routine - Whenever we go out somewhere, we don't remember to take care of our skin due to fatigue. Whereas this is very important. Everyone must follow their night care routine. This makes the skin glow. Scrub is an important step - Just like we breathe, it is very important for our skin to breathe. In such a situation, do not forget to scrub even in winter season. Especially when you go out for a walk, it becomes very important to scrub your face to remove the dirt.

# Do you even listen to your son?

"Mumma, girls in school tease me. I don't want to go to school." Shreya ignores it considering it to be a small matter between children. Sometimes she says angrily, "You are a boy, why are you afraid of girls?" You love your daughter, listen to her and even take action on her mistakes,



